आज का मौसम | 29.0° | 27.0°
सूर्योदय 05.36 | सूर्यास्त 07.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

श्रावण शुक्ल पक्ष दशमी 11:42 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082 | बरेली | सोमवार, 4 अगस्त 2025, 


PAGE NO. 5: BOTTOME

टूर्नामेंट | अंडर 19 में आगरा के मौलिक चतुर्वेदी और अंडर 17 में आर्यन चैंपियन

# स्टेट टेबल टेनिस में आरती और दिव्यांश बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, बरेली




स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिसप्रतियोगिता में पुरस्कृत हुए खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** 12 वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल खेले गए। महिला वर्ग में आरती चौधरी और पुरुष वर्ग में दिव्यांश चैंपियन बने। वहीं अंडर 19 बालक वर्ग में मौलिक चतुर्वेदी और अंडर 17 में आर्यन चैंपियन बने।

महिला वर्ग में प्रयागराज की आरती ने गाजियाबाद की अंकिता गुप्ता को 11-8, 12-14, 16-14, 9-11, 11-9 अंकों से पराजित किया है। पुरुष वर्ग में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को 12-10, 11-7, 8-11, 6-11, 13-11 सेटों से हराकर जीत हासिल की। युवा अंडर 19 बालक वर्ग में आगरा के मौलिक चतुर्वेदी ने कानपुर के अद्वित गुप्ता को 11-5, 11-8, 12-10 अंकों से और बालिका वर्ग में गाजियाबाद की दिशा ने गाजियाबाद की ही अंकिता गुप्ता को 4-11, 13-11, 11-9, 12-10 अंकों से हराया। जूनियर अंडर 17 बालक वर्ग में प्रयागराज के आर्यन कुमार ने गाजियाबाद के अर्णव पंवार को 11-7, 11-5, 12-10 अंकों से और बालिका वर्ग में गाजियाबाद की यशिका तिवारी ने वाराणसी की अनोखी को 10-12, 13-11, 11-3, 9-11, 11-5 अंकों से हराया।

सब जूनियर अंडर 15 बालक वर्ग में कानपुर के आशुतोष गुप्ता ने लखनऊ के लक्ष्य कुमार को 11-9, 11-8, 11-5 अंकों से और बालिका वर्ग में वाराणसी की अनोखी ने कानपुर की अंशिका मिश्रा को 12-10, 11-8, 11-8 अंकों से हराया। कैडेट अंडर 13 बालक वर्ग में लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने लखनऊ के शौर्य गोयल को 12-10, 11-5, 4-11, 11-3 अंकों से और बालिका वर्ग में प्रयागराज की अंशिका गुप्ता ने आगरा की अंशिका मिश्रा को 11-8, 5-11, 11-8, 11-7 अंकों से हराया। होप्स अंडर 11 बालक वर्ग में गौतमबुद्धनगर के आर्यवीर बोरा ने कानपुर के दुर्वांक को 7-11, 11-7, 11-7, 10-12, 11-5 अंकों से और बालिका वर्ग में प्रयागराज की अंशिका गुप्ता ने आगरा की इनाया फातिमा को 11-4, 11-6, 11-8 अंकों से हराया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और नकद राशि दी गई। यूपीटीटीए के प्रेसीडेंट संजीव पाठक, पूर्व जनरल सेक्रेटरी अरुण बनर्जी, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, रैकेट कंट्रोलर अंतरराष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, टूर्नामेंट के डिप्टी रैफरी पीके जैन, जूनियर नेशनल टीम के कोच पराग अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के सेक्रेटरी दीपेंद्र कामथान, एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, टूर्नामेंट के कंवीनर डॉ. सोवन मोहंती आदि मौजूद रहे।